RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 346
हिसार | बुधवार, 13 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ 6







# नायब सरकार फ्लोर टेस्ट में पास

## सीएम सैनी बोले- हमारी सरकार पहले भी विश्वास में थी, आज भी है, जनता का भी विश्वास हमारे साथ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** हरियाणा में नए सीएम नायब सैनी की सरकार फ्लोर टेस्ट में पास हो गई है। आज विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पास किया गया। इस पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सीक्रेट वोटिंग कराओ, लेकिन स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई।

झज्जर की एक जनसभा का जिक्र करते हुए सीएम नायब सैनी ने कहा कि मैंने वहां लोगों के हाथ खड़े करवा कर पूछा कि कितने युवाओं को बिना पर्ची खर्ची के नौकरी मिली है, तो वहां अधिकांश युवाओं ने हाथ खड़े किए। यह सरकार की पारदर्शिता है। इस पर विपक्ष के लोगों ने ऑब्जेक्शन किया। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कोई एहसान किया है। नायब सैनी ने कहा कि हर गांव, हर गांव, हर सड़क तक विकास पहुंचाने का काम किया है। पहले की मनोहर लाल सरकार ने जैसा काम किया है वैसा ही करना है।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि आज लोगों के जीवन को सरल करने का काम हमारी सरकार ने किया है। बहुत सारे ऐसे काम हैं, अगर उनको हम गिनवाएंगे तो बहुत समय लगेगा। चूंकि मैं पहली बार आज सदन में आया हूं और विश्वास मत को लेकर चर्चा चल रही है। मैं ज्यादा इस विषय पर नहीं बोलूंगा। मैं इस सदन को विश्वास में लेकर कहना चाहूंगा कि हमने कड़ी मेहनत से हरियाणा के लोगों के लिए जुटना है। उनके लिए नई योजनाएं लाएं, हमें उस पर काम करना है। हमारी सरकार पहले भी विश्वास में थी, आज भी है। जनता का भी विश्वास हमारी सरकार के साथ है।

### मनोहर लाल ने दिया इस्तीफा, करनाल सीट से उपचुनाव लड़ेंगे सीएम नायब सैनी

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सदन में धन्यवाद भाषण के बाद करनाल विधानसभा सीट से अपना त्याग पत्र देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो भी नई जिम्मेदारी मेरी तय की जाएगी वो और भी सुचारु रूप मैं पूरी करूंगा। अब करनाल सीट से नायब सैनी उपचुनाव लड़ेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री सैनी द्वारा सदन में विश्वासमत रखने पर जननायक जनता पार्टी के सभी 10 विधायक सदन से बाहर चले गए। एक निर्दलीय बलराज कुंडू ने भी कार्यवाही छोड़ दी।

### मुझे तरासने के लिए विपक्ष ने अहम भूमिका निभाई : मनोहर लाल

पूर्व सीएम मनोहर लाल के सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष ने अपना विरोध जताया। इस पर मनोहर लाल ने कहा कि कोई नहीं, मैं तो सदन का धन्यवाद करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं इस सदन में 9 साल 4 महीने तक मुख्यमंत्री रहा। जब मैं नया नया आया था तो कहा गया कि इन्हें अनुभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुभव कुछ बातें जनता के बीच पहुंचने पर पता हो जाएंगी। कुछ बातें अधिकारी बता देंगे और जो कुछ बातें बच जाती हैं वह सदन में विपक्ष सिखा देता है। उन्होंने कहा कि मुझे तरासने के लिए विपक्ष ने अहम भूमिका निभाई, मैं इसके लिए उनका आभार प्रकट करता हूं।

# हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रोहतक जिला के नगर निगम में तैनात डाटा एंट्री ऑपरेटर जोगिंदर को 11 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों किया गिरफ्तार

## शिकायतकर्ता के मकान का 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' देने के बदले में की थी रिश्वत की मांग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 13 मार्च :** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रोहतक जिला में नगर निगम कार्यालय में हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर जोगिंदर को 11000 रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो रोहतक में एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी जोगिंदर द्वारा शिकायतकर्ता से मकान का 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' देने के बदले में 22000 रूपए की रिश्वत की मांग की गई है जिसमें से 11000 रुपए की रिश्वत लेते हुए आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। यह पूरी कार्यवाही गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए की गई। इस मामले में सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी काम करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर - 1800-180-2022 तथा 1064 पर देना सुनिश्चित करें।

# जात-पात से उठकर किया काम, इस बार 50 से ज्यादा सीटें लाएंगे : दुष्यंत चौटाला

## जजपा की हिसार में नवसंकल्प रैली, दुष्यंत के आने पर लगे आया-आया सीएम आया के नारे लगाए

## पूर्व डिप्टी सीएम बोले- भाजपा ने ऐसा विचार किया कि मेरे साथ खट्टर और विज की भी कुर्सी चली गई




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार,13 मार्च :** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन टूटने के बाद जजपा आज हिसार में नवसंकल्प रैली की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला रैली में मौजूद रहे। दुष्यंत के आने पर कार्यकर्ताओं ने आया-आया सीएम आया के नारे लगाए।

दुष्यंत चौटाला चौटाला ने कहा- अजय चौटाला जी का जन्मदिवस चेहरे पर मायूसी नहीं, खुशियां लाने का काम कर गया। हम कल के घटनाक्रम पर चर्चा कर रहे थे। हमें कहा कि दुष्यंत तुझे हटाना था। मैं कहूंगा गाय तो गई ही, खूंटा भी पाड़ ले गई। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नड्डा जी से मीटिंग में उन्हें रोहतक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर मिला। अजय चौटाला ने मुझे कहा कि भाजपा को जाकर कह दो पेंशन 5100 कर दो, हम एक भी सीट नहीं लेंगे। मैं रात एक बजे जाकर उन्हें कहकर आया। उन्होंने कहा कि विचार करके बताते हैं। विचार ऐसे हुए कि मेरे साथ खट्टर और विज जी की भी कुर्सी चली गई। मैं अजय सिंह चौटाला को विश्वास दिला सकता हूं कि हम 11 महीने पहले इसी हौसले के साथ चुनाव में गए थे। 15 प्रतिशत वोट चाबी को मिले थे। आज भी कह देता हूं कि आप हमारी यूं ही जिम्मेवारी लगाते रहो। पिछली बार 10 थे, इस बार 50 से ज्यादा सीट लेकर आएंगे।

उन्होंने कहा कि मेरे पास कई भाजपा के विधायक आते थे। वे कहते थे कि राज तो आप ही चला रहे हो। हरियाणा की जनता को जात-पात से उठाकर आगे ले जाने का काम किया। आज महिलाओं को पंचायती राज में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी दी। हमने उनकी जात नहीं पूछी। प्रमोशन में एससी वर्ग को हिस्सेदारी दी। आज गांव में डिजिटल लाइब्रेरी बन रही हैं। उसमें हर जाति का बच्चा जाकर पढ़ेगा। बच्चों के पेपर 50 किलोमीटर के अंदर करवाने का काम किया। एक-एक काम प्रयास कर पूरा किया।

**बृजेंद्र सिंह पर तंज- जाने की मुझसे ज्यादा जल्दी थी**

दुष्यंत चौटाला ने मंच से बृजेंद्र सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें जाने की मेरे से ज्यादा जल्दी थी। जो हुआ अच्छे के लिए हुआ, जो होगा वह अच्छा होगा।

### हम हिसार व भिवानी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे

दुष्यंत चौटाला ने कहा- एक चीज कह सकता हूं, किसी के चेहरे पर शिकन नहीं है, सभी के चेहरे खुश हैं। पेंशन 5100 नहीं पहुंचा पाए, लेकिन 3 हजार तो पहुंचा दी। हम हिसार व भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर चुनाव की तैयारी कर रहे थे। गठबंधन धर्म भी यही कहता है। जो भी अजय चौटाला कहेंगे, वही करेंगे। दुष्यंत ने कहा कि भाजपा हमारे सहयोग के साथ साढ़े 4 साल सरकार चला गई। आज भी चला रही है। आज निर्दलीय विधायकों के साथ बहुमत उनके साथ है। जो साढ़4 साल हमने सरकार चलाई, वह प्रदेश की तरक्की, किसान-कमेरा कैसे सशक्त हो, उसके लिए काम किया।

**दिग्विजय चौटाला बोले- सीएम की वैलिडिटी मोबाइल की तरह**

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हरियाणा में नवनियुक्त सीएम की वैलिडिटी मोबाइल की तरह 6 महीने की है। ये दिल्ली का मुख्यमंत्री छह महीने रहेगा। ये हरियाणा की जनता इस बात की गवाही दे रही है कि 5 साल के लिए दुष्यंत चौटाला को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

**दुष्यंत चौटाला ने डिप्टी सीएम रहते हुए किए भरपूर विकास कार्य- विधायक अनूप धानक**

उकलाना से विधायक अनूप धानक ने कहा कि साढ़े चार साल गठबंधन सरकार में हमने काम किया। दुष्यंत चौटाला ने डिप्टी सीएम रहते हुए भरपूर विकास किया। इसमें चाहे हिसार में एयरपोर्ट बनाने का काम ही क्यों न हों। दोबारा हरियाणा प्रदेश की जनता दुष्यंत को मौका देगी। जो आपके काम अधूरे रहे हैं, वह पूरा करने का काम करेंगे।

**जो जैसा करेगा, वैसा भरेगा- विधायक रामकरण काला**

रैली में संबोधन के दौरान विधायक रामकरण काला ने कहा कि जो जैसा करेगा, वैसा भरेगा। वर्करों के आज मेहनत करने का समय है। कहा कि आज किसी चीज से घबराने की जरूरत नहीं है। छह माह में वह फिर सरकार बनाएंगे और दुष्यंत चौटाला सीएम बनेंगे।

# नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा हाईकमान ने बढ़ाया पिछड़ा वर्ग का मान : रवि सैनी

## नायब सैनी के सीएम बनाने पर निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी के कार्यालय में लड्डू बांटकर मनाया जश्न



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** नायब सिंह सैनी को प्रदेश का नया मुख्यमंत्री बनाए जाने से उनके समर्थकों में जश्न का माहौल है। हिसार में नगर निगम निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी के कार्यालय में लड्डू बांटकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रवि सैनी और निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी ने कहा कि नायब सिंह सैनी को प्रदेश का नया मुख्यमंत्री बनाए जाने की खुशी को शब्दों में बयां नहीं की जा सकता। उन्होंने कहा है कि नायब सिंह सैनी पहले भी लोगों के दिलों पर राज करते रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने सारे माहौल को देखते हुए उनको प्रदेश का सीएम बनाने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। उन्होंने कहा है कि नायब सिंह सैनी बड़े मेहनती और ईमानदार रहे हैं और उनकी कार्यशैली हमेशा प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक समाज के लिए बेहतरीन रही है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी के प्रदेश अध्यक्ष बनने ही हरियाणा के लोगों में अलग प्रकार की खुशी देखी जा रही थी। अब जब उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया है तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रवि सैनी ने कहा कि नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोटों की सुनामी आ जाएगी और भाजपा हरियाणा की सभी 10 की 10 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इस अवसर पर मेयर गौतम सरदाना, टीनू जैन, प्रवीन केडिया, मा. जयप्रकाश, प्रीतम सैनी, सतीश सुरलिया, पिंकी शर्मा, मोहनलाल सैनी, शिव कुमार सैनी, प्रो. मनदीप मलिक, सुरेंद्र सैनी, मामन राम सैनी, रामनिवास सैनी बैंक वाले, सुभाष सैनी, रमेश सैनी, राजेंद्र सैनी, कृष्ण खटाणा, देवेंद्र सैनी, राधेश्याम वर्मा, विक्रम सैनी, छबीलदास, अमित सैनी, राहुल बगला, समीर सैनी, देवेंद्र सैनी हलवाई, पं. दुनीचंद, संजय गोयल, अशोक गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।



# सम्पादकीय..........

## सीएए संबंधी नए नियमों के बारे जागरूकता की आवश्यकता

*यह तो तय था कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, यानी सीएए के नियमों को लागू करने संबंधी अधिसूचना जिस किसी दिन भी जारी होगी, इसे लेकर एक बार फिर राजनीतिक मोर्चेबंदी देखने को मिलेगी और सियासी पार्टियां अपने मुफीद मोर्चे पर जा खड़ी होंगी। ऐसे में, पश्चिम बंगाल और केरल के बाद अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन का रुख भी अप्रत्याशित नहीं है। सीएए को संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध बताते हुए उन्होंने एलान किया है कि वह इसे तमिलनाडु में लागू नहीं होने देंगे। विडंबना यह है कि जिस संविधान की दुहाई देते हुए ये मुख्यमंत्री सीएए कानून को अपने-अपने प्रदेश में लागू न होने देने की बात कह रहे हैं, वही उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं देता! हमारे संविधान निर्माताओं ने संघीय ढांचे का प्रारूप तय करते समय ऐसे संभावित हालात पर काफी बहस-विमर्श के बाद अधिकारों का स्पष्ट बंटवारा किया था और उनकी तीन विषय-सूची बनाई थी- केंद्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची। नागरिकता केंद्रीय सूची का विषय है। इससे जुड़े कानून को राज्य सरकारें नकार नहीं सकतीं। अलबत्ता, असहमति की सूरत में वे शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट संविधान का संरक्षक है। ऐसा नहीं है कि ये मुख्यमंत्री इस हकीकत से नावाकिफ हैं या सीएए संबंधी अधिसूचना अचानक उनके सामने आ प्रकट हुई है। गृह मंत्री अमित शाह पूर्व में कई बार कह चुके थे कि आम चुनाव से पहले इसे लागू कर दिया जाएगा। निस्संदेह, इस अधिसूचना के जारी किए जाने के समय के अपने राजनीतिक निहितार्थ हो सकते हैं, मगर इसका मुकाबला भी इन मुख्यमंत्रियों को राजनीतिक रूप से ही करना चाहिए। पर इसके विरोध में यह कहना कि वे इस कानून को अपने यहां लागू नहीं होने देंगे, कहीं न कहीं सांविधानिक शपथ का उल्लंघन है। जब केरल सरकार ने खुद संविधान के अनुच्छेद-131 के तहत इस कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है, बल्कि इस संदर्भ में सौ से भी ज्यादा याचिकाएं दायर हैं और केंद्र ने भी अदालत में दायर अपने शपथपत्र में कह रखा है कि यह कानून किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता को प्रभावित नहीं करता, तो सांविधानिक पद पर बैठे स्टालिन जैसे लोगों को सुप्रीम कोर्ट के ऊपर भरोसा करना चाहिए। अदालत का फैसला इसकी वैधानिक स्थिति तय कर देगा। दरअसल, हाल के वर्षों में केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ राजनेताओं की सियासी प्रतिद्वंद्विता जिस तरह शासकीय टकराव में तब्दील होती गई है, उससे निकट भविष्य में देश के संघीय ढांचे के आगे गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। जांच एजेंसियों के बीच कटु टकराव के अब कई उदाहरण हमारे सामने हैं। मगर कानून-व्यवस्था राज्य के विषय हैं, इसलिए मुख्यमंत्रियों को किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करते हुए हमेशा यह याद रखना चाहिए कि किसी किस्म के धार्मिक-जातीय धुरवीकरण से उनके राज्य के सामाजिक ताने-बाने को गंभीर चोट पहुंच सकती है। सीएए विरोधी पिछले प्रदर्शनों में ही किस पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ था, इसे हम अभी भूले नहीं हैं। सीएए कानून को लेकर खास तौर से पूर्वोत्तर के राज्यों में काफी गहरी आशंकाएं रही हैं। वहां ज्यादातर भाजपा या उसके सहयोगी गठबंधन की ही सरकारें हैं, इसलिए सीएए संबंधी नए नियमों के बारे में पूर्वोत्तर के नागरिकों को जागरूक करने की बहुत आवश्यकता है। खासकर मणिपुर की हिंसा को देखते हुए, जो देश के लिए सिरदर्द बन चुकी है।*

# अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं नए मुख्यमंत्री नायब सैनी : लोकेश महाजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** हरियाणा के पूर्व मंत्री स्व. ओमप्रकाश महाजन के पौत्र व प्रदेश युवा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कार्यकारिणी के सदस्य लोकेश महाजन ने कुरुक्षेत्र के सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नायब सिंह सैनी को लम्बा राजनीतिक अनुभव है। पार्टी के उत्थान में पिछले कई वर्षों से अपना पूरा समय लग रहे हैं। उनके प्रदेश की कमान संभालने से हरियाणा के समस्त समाज में खुशी की लहर है। लोकेश महाजन ने कहा कि आने वाले समय में नए मुख्यमंत्री प्रदेश को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी 10 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। इसके बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में भी भारी बहुमत से भाजपा तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेगी।

# आचार्य कार्तिकेय को मिला गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड

### चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मिला सम्मान




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** भामाशाह नगर निवासी आचार्य कार्तिकेय सूरी को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड मिला है। ज्योतिष प्रांगण संस्था के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में किन्नर समाज की राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं सरकार के सफाई अभियान के ब्रैंड एम्बेसडर काजल मंगलमुखी, एचएस रावत, डॉ पूनम शर्मा, आचार्य मानवेंद्र पंडित, अजय भाम्बी, अक्षय शर्मा, पीपी राणा, दिलीप अवस्थी, राजीव गोयल, गोपाल राजू, डॉ नीना सैनी के अलावा अनेक ज्योतिषाचार्य मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि आचार्य कार्तिकेय को ज्योतिष, वास्तु शास्त्र और न्यूमेरोलॉजी पर दिए योगदान की वजह से देश-विदेश में अनेक सम्मान मिल चुके हैं। उन्हें योग के अलावा ग्रह, राशि या घर के बीच स्थिति, युति के आधार पर गणना करने में महारत है। उन्हें अब तक ज्योतिष सप्तऋषि अवार्ड, गुरु गोरखनाथ अवार्ड, ज्योतिष मार्तंडेय अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं। इसके अलावा वह हिसार के निकटवर्ती मैयड़ स्थित सिद्ध ज्योतिष महामृत्युजंय शक्तिपीठ में ऑनलाइन पूजा भी करवा रहे हैं।

# सिर्फ संबंध नहीं, न टूटने वाली संवेदना है मैत्री

### अध्यात्म

अहिंसा की चर्चा के प्रसंग में मन में एक शब्द उगता है- मैत्री। इस शब्द से हम सब अच्छी तरह परिचित हैं, लेकिन इसके अर्थ से बहुत कम लोगों का परिचय होगा। हम मैत्री को भी एक संबंध के रूप में लेते हैं जबकि ऐसा है नहीं। संबंध का अर्थ है बांधना। मित्रता में भी साधारणतया हम एक-दूसरे को अपने से बांधते हैं। लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि जो बांधा गया है, वह कभी खुल भी जाता है। वह जो स्थापित हुआ है, कभी विस्थापित भी हो सकता है। वह जो जोड़ा गया है, कभी टूट भी सकता है। साफ है कि अगर मैत्री को एक संबंध के रूप में समझेंगे तो उसके साथ ये सारे खतरे जुड़े रहेंगे। संबंध में सामूहिकता होने पर भी उसकी भाव-भूमि सार्वभौम नहीं होती है, क्योंकि बहुधा हर समूह में व्यक्ति खुद को अकेला पाता है। ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनमें सारा समूह अपने को पाता है और जो अपने को सारे समूह में पाते हैं। वह जो बाहर से जुड़ा हुआ है, भीतर से जुड़ा नहीं भी हो सकता है। लेकिन जो भीतर से जुड़ा हुआ है, वह बाहर से जुड़ा न होने पर भी उससे अलग नहीं है। संबंध इसी कारण ऊपर से सुदृढ़ प्रतीत होते हुए भी टूट जाते हैं। सो, मैत्री अगर संबंध है तो सदा खतरे में है, लेकिन अगर वह संवेदना है तो उसके टूटने का प्रश्न ही नहीं है। सच यह है कि मैत्री हमारा स्वभाव है। वह हमारा 'होना' है। 'होना' स्थिति है, न कि प्रक्रिया। 'स्व' प्रक्रिया का आरंभ है। जिसका आरंभ है उसका अंत भी सुनिश्चित है। स्थिति सनातन होती है। उसमें 'स्व' और 'पर' की पृथक सत्ताएं नहीं होतीं। सारी भेद-रेखाएं विभाव में दिखाई पड़ती हैं। स्वभाव तो अभेद और एकत्व से सतत संयुक्त है। वह जो हम नहीं हैं, उसी में हमारे होने के भ्रम से सारे भेद खड़े होते हैं। वहीं से सारे संघर्षों का जन्म होता है और अमैत्री का उद्भव होता है। 'तुम' और 'वह' समाप्त होकर जहां 'मैं' ही शेष रह जाता है, चेतना की वही स्थिति भावना के स्तर पर मैत्री, वृत्ति के स्तर पर अहिंसा और जीवन के सारे भौतिक-मानसिक स्तरों पर संयम के रूप में निष्पन्न होती है। उस परम चेतना की अनुभूति में, न हम हैं, न तुम और न वह है, न कोई भी अन्य। मात्र समग्र है, सारे संदर्भों से मुक्त, सारी सीमाओं से परे। सीमा को जानना ही असीम में प्रवेश है। असीम में प्रवेश ही स्व का साक्षात्कार है, यही प्रेम है, मैत्री है। संबंध के रूप में किसी के साथ नहीं, लेकिन स्वभाव के रूप में सर्वत्र सबके साथ। मैत्री में किसी से जुड़ने की चेतना नहीं होती। इसलिए कि वहां अलगाव है ही नहीं। मैत्री हमारा वह आत्म-भाव है, जिसे न पाया जा सकता है और न खोया जा सकता है। न उसे बनाया जा सकता है, न मिटाया, जोड़ा या तोड़ा ही जा सकता है। मैत्री स्वयं के साथ स्वयं की महामयी चेतना है। खंडित एवं एकपक्षीय भावना नहीं। इस दृष्टि से मैत्री को जिस अर्थ में महावीर ने लिया है, उसका सार यह है कि उसे राग-द्वेष, आकर्षण-विकर्षण, सामीप्य एवं दूरी संबद्ध और असंबद्धता के द्वैत से पृथक करके देखना होगा। अपने में ही अपने प्रति मैत्री का स्रोत खोजना होगा। वह खोज लेंगे तो हम अपने और सबके मित्र होंगे अन्यथा किसी के कुछ भी नहीं हो पाएंगे।

# कैमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल करने की बजाय इको फ्रेंडली तिलक होली मनाएं : राजेंद्र अग्रवाल

### अणुव्रत समिति ने न्यू इंडिया कान्वेंट स्कूल में तिलक होली कार्यक्रम आयोजित किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** अणुव्रत समिति हिसार द्वारा अणुव्रत अमृत महोत्सव के समापन पर राष्ट्रव्यापी इको फ्रेंडली फेस्टिवल अभियान के अन्तर्गत अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य तपो मूर्ति मुनिश्री पृथ्वी राज व मुनिश्री देवेन्द्र कुमार के पावन आशीर्वाद से तिलक होली कार्यक्रम का आयोजन न्यु इंडिया कान्वेंट स्कुल, विवेक नगर में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुंभारभ विनोद जैन के अणुव्रत गीत से शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सुभाष शर्मा व अजय कुमार थे। इस मौके पर राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि समिति द्वारा पूरे देश में अणुव्रत इको फ्रेंडली फेस्टिवल द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है इससे पूर्व भी समिति द्वारा अनेक सामाजिक गतिविधियां आयोजित करवाई जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हमें अपने त्यौहार सादगीपूर्ण मनाने चाहिएं। होली पर पानी की बर्बादी व कैमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल करने की बजाय इको फ्रेंडली तिलक होली मनानी चाहिए। प्राचार्य सुभाष शर्मा को समिति की ओर से अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान आगामी 24 मार्च को होने वाले राष्ट्रव्यापी इको फ्रेंडली फैस्टिवल अभियान के अंतर्गत तिलक होली मनाने के लिए शहर वासियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, दर्शन लाल शर्मा, अजय सोनी, सतपाल, अनिल जैन, नत्थुराम जैन, राजकुमार सोनी विनोद जैन व स्कूल का स्टाफ सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सिविल अस्पताल की डिस्ट्रिक्ट एप्रोप्रियेट अथॉरिटी पीएनडीटी ने बेटी बचाओ अभियान के तहत किया कार्यशाला का आयोजन






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** हिसार सिविल अस्पताल की डिस्ट्रिक्ट एप्रोप्रियेट अथॉरिटी पीनडीटी ने बेटी बचाओ अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया। सिविल सर्जन हिसार डॉ. सपना गहलावत की अध्यक्षता में शहर के लगभग 50 डॉक्टरों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। नोडल ऑफिसर डॉ. प्रभुदयाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। पीएमओ डॉ रत्ना भारती, मुख्यातिथि डॉ. डी. एन. बागड़ी, डॉ. आदर्श शर्मा व आईएमए हरियाणा के प्रधान डॉ. अजय महाजन ने भी कार्यशाला को सम्बोधित किया और अपने विचार डॉक्टरों के साथ साँझा किए। आए हुए अतिथियों की समस्याओं को विस्तृत में चर्चा करके उनका समाधान किया गया। इस प्रकार की कार्यशालाएँ सबको नए नियमों के बारे में समझाने की लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इन के जरिए हरियाणा में लिंग सन्तुलन में सुधर लाया जा सकता है। सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला की प्रशंसा की।

# चिड़ौद गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंचे दिलबाग हुड्डा लूदास

### कहा- नशे से दूर रहें खिलाड़ी, खेलों में कामयाबी पाने के अवसर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** हल्का नलवा के गांव चीरोद में क्रिकेट खेल प्रतियोगिता जो 5 दिनों से चल रही है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में किसान नेता दिलबाग हुड्डा लूदास पहुंचे। जिन्होंने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि उनको इसी तरह खेलों में लग्न से मेहनत करनी चाहिए और नशे पत्ते से दूर रहना चाहिए। हुड्डा ने बताया कि वह खुद भी पूर्व में कुश्ती के खिलाड़ी रहे हैं तो उन्हें खिलाड़ियों के साथ एक अलग जुड़ाव महसूस होता है। उन्होंने बताया कि खेलों के माध्यम से जीवन में कामयाबी पाने के भी बहुत अवसर हैं। खेलों की सफल आयोजन के लिए खेल कमेटी व सरपंच का धन्यवाद किया। इस मौके पर आयोजककर्त्ता युवा क्रिकेट क्लब चिड़ौद संजय, राजेश, दिनेश राजपूत, चंद्र मोहन, अनूप श्योराण, सरपंच प्रतिनिधि मोलूराम, विश्व बागड़ी कमेंटेटर, मास्टर सतबीर गढ़वाल, रामवीर ढांडा, रविंदर दहिया, विनीत हुड्डा, विजय जागलान आदि मौजूद थे।

# सुण मौल्लड़ की



अनिल विज अम्बाला में गोल गप्पे खाते देखे गए और शपथ समारोह में नहीं गए।

सीनियर अर जूनियर का मुद्दा। नाराजगी दिखाई।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** अधिकारियों से मेल जोल लाभकारी रहेगा। नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे। क्रय-विक्रय के कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा।

**वृषभ :** मानसिक तनाव बना रहेगा। फिजूलखर्ची करने से बचें। शराब के सेवन से दूर रहें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**मिथुन :** पुरानी बीमारी से राहत मिलेगी। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। उपहार प्राप्त होने की संभावना।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में चली आ रही उलझने समाप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों का स्थानांतरण होने की संभावना। सामाजिक कार्यों में उपस्थिति बढ़ेगी।

**सिंह :** धार्मिक यात्रा होने की संभावना। मेहनत का लाभ मिलेगा। जरूरतमंदों की सहायता करेंगे।

**कन्या :** कार्यों में अचानक अवरोध उत्पन्न होंगे। खान-पान में सावधानी बरतें। आलोचना का शिकार हो सकते हैं। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**तुला :** सांझेदारी के कार्यों से लाभ होगा। परिवार का साथ खुशी देगा। अधिकारियों को विवाह के प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक :** उधार के लेन-देन से बचें। सावधानीपूर्वक कार्य करें, चोट लगने की संभावना। पुराना रोग परेशान कर सकता है। दुर्गा माता की पूजा करें।

**धनु :** मित्रों के साथ मनोरंजक समय व्यतीत करेंगे। बच्चों के भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। अत्याधिक खाने से पेट संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**मकर :** वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। छोटे भाई-बहनों का साथ संबंध मधुर रखें। मानसिक तनाव से बचने के लिए मेडिटेशन का सहारा लें। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।

**कुंभ :** अनुभवी लोगों का साथ प्राप्त होगा। नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी। प्रियजन से मुलाकात सुखद होगी।

**मीन :** लेन-देन के मामले सुलझेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। दांत दर्द संबंधी समस्या परेशान कर सकती है।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

## कर्म का मर्म

# सुकरात के आखिरी पल

संत सुकरात सत्य और सदाचार को सर्वोपरि धर्म बताया करते थे। उनका मत था कि जीवन में कितनी ही विषम परिस्थिति आ जाए, सत्य का त्याग कदापि नहीं करना चाहिए। सुकरात की तेजस्विता व निर्भीकता को देखते हुए गलत कर्मों में लगा एक बड़ा वर्ग उनका विरोधी बन गया। उन्हें सत्य से विचलित करने के लिए न केवल धमकियों का सहारा लिया गया बल्कि हर प्रकार के लोभ-लालच भी दिए गए। सुकरात पर इन सबका कोई असर नहीं पड़ना था, नहीं पड़ा। लेकिन लगातार दुष्प्रचार से उनके खिलाफ माहौल बनता गया और नौबत यहां तक आ गई कि एक दिन उन्हें मृत्यु दंड सुना दिया गया। आदेश था कि उन्हें जहर पिलाकर मार डाला जाए। तय तारीख पर सुकरात के कुछ करीबी अनुयायी वहां पहुंचे जहां उन्हें जहर पिलाया जाना था। उधर सुकरात के लिए जहर पीसा जा रहा था और इधर उनके अनुयायी रोते जा रहे थे। सुकरात के चेहरे पर भय या घबराहट का नामो-निशान नहीं था। पहले उन्होंने अपने करीबियों को समझाया, फिर उन्हें डांटा भी कि 'तुम सबको मैं बार-बार समझाता रहा हूं कि आत्मा अमर होती है और जो कुछ मृत्यु से नष्ट होता है वह सिर्फ शरीर है तो फिर रो क्यों रहे हो/' मगर भक्तों के लिए आज सब्र करना मुश्किल था। आखिर सुकरात के लिए जहर तैयार हुआ जो उन्हें प्याले में भरकर दिया गया। सुकरात खुशी-खुशी उसे पी गए। कुछ देर बाद वे बोले, 'जहर का प्रभाव दिखाई देने लगा है, मेरे हाथ पैर सुन्न और निर्जीव होने लगे हैं, परंतु मित्रो, याद रखना यह जहर मेरे भीतर के शील व सत्य का बाल भी बांका नहीं कर सकता क्योंकि शील व सत्य ही तो मेरी आत्मा है।' कहते-कहते ही संत सुकरात की आंखें बंद हो गईं और वे सत्य व शील पर अपने अटल विश्वास की बदौलत अमर हो गए।



# भगवान परशुराम चौक का जीर्णोद्धार का निर्णय सराहनीय : देशबन्धु कौशिक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी के हिसार विधानसभा क्षेत्र के अर्बन मण्डल उपाध्यक्ष देशबन्धु कौशिक ने बस स्टैंड के सामने स्थित भगवान परशुराम चौक के जीर्णोद्धार और उसको विकसित किए जाने के कार्य का शुभारंभ करने के लिए प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता का आभार व्यक्त किया है। अर्बन मण्डल उपाध्यक्ष देशबन्धु कौशिक ने आज एक बयान जारी कर कहा कि परशुराम चौक पर फरसा मॉडल बनाया जाएगा जिसको बनाने में 10.23 लाख रूपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा शहर के चौकों को विकसित करने का जो निर्णय लिया है, उससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी और समाज को महापुरूषों के जीवन को जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम चौक को विकसित किए जाने का कार्य शुरू होने से ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर है। देशबन्धु कौशिक ने कहा कि इस चौक के जीर्णोद्धार के लिए पूर्व की सरकारों में भी आवाज उठाई गई थी, लेकिन आवाज को अनसूना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में जिन्दल चौक से सेक्टर 1-4 की सड़क का नामकरण भी भगवान परशुराम जी के नाम पर किया गया।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेला (खरीफ) 18-19 मार्च को

## इस वर्ष कृषि मेला (खरीफ) का मुख्य विषय 'खेती में ड्रोन का महत्व' होगा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 18-19 मार्च को कृषि मेला (खरीफ) का आयोजन करेगा। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय 'खेती में ड्रोन का महत्व' होगा। कुलपति ने कहा खेती में ड्रोन का महत्व आज समय की मांग है। ड्रोन के द्वारा कम समय में केमिकल फर्टीलाइजर व पेस्टिसाइड का उपयोग आसानी से किया जा सकता है, जिससे कम लागत होने के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत होगी। साथ ही उन्हें ड्रोन का उपयोग करना भी समझाया जाएगा। इस मेले में किसानों के साथ बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त किसानों को इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी।



हकृवि में आयोजित होने वाले कृषि मेला (खरीफ) को लेकर तैयारियां चलती।

कृषि मेला (खरीफ)-2024 के बारे में और जानकारी देते हुए विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पूर्व की भांति इस साल भी यह मेला विश्वविद्यालय के गेट न. 3 के सामने मेला ग्राउंड में लगाया जाएगा। मेले में किसानों को विश्वविद्यालय की ओर से सिफारिश की गई खरीफ फसलों के उन्नत बीज तथा बायोफर्टीलाईज़र के अतिरिक्त कृषि साहित्य उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर विभिन्न सरकारी बीज एजेंसियों के सहयोग से बिक्री काउंटर स्थापित किए जाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई रबी फसलें दिखाई जाएंगी तथा उनमें प्रयोग की गई तकनीक की जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर फसल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि किसानों की कृषि, पशुपालन तथा गृहविज्ञान संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए मेले के दोनों दिन प्रश्नोत्तरी सभाएं आयोजित की जाएंगी। मेला स्थल पर मिट्टी, सिंचाई जल व रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच करवाने की किसानों को सुविधा दी जाएगी। इस अवसर पर फसल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि मेले में लगने वाली एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी के लिए स्टॉलों की बुकिंग जारी है। प्राइवेट कंपनियों को स्टॉल 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर आवंटित किए जा रहे हैं। किसानों के मनोरंजन के लिए दोनों दिन हरियाणावी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

यहां उल्लेखनीय है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर साल मार्च में कृषि मेला आयोजित करता है जिसमें हरियाणा तथा पड़ोसी राज्यों से हजारों किसान भाग लेते हैं। इस मेले में एग्रो-इंडस्ट्रियल प्रदर्शनी भी लगाई जाती है जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लुवास तथा हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त विभिन्न कृषि निविष्टों तथा फार्म मशीनरी बनाने वाली कंपनियां भी भाग लेकर अपनी टेक्नोलॉजी प्रदर्शित करती हैं।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत हिसार के श्रद्धालुओं की बस अयोध्या रवाना





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने बस अड्डे पर हिसार से अयोध्या धाम जाने वाली वातानुकुलित वोल्वो बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि वोल्वो बस में 45 श्रद्धालु हिसार से अयोध्या धाम रवाना हुए हैं। सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकृत यात्रियों को अयोध्या में श्री राम, श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी-विश्वनाथ इत्यादि मंदिर का दर्शन करवाया जाता है। मंगलवार को श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि तीर्थयात्रियों का रात्रि ठहराव लखनऊ में किया गया है, जहां पर उनका जलपान व भोजन की व्यवस्था की गई है तथा उसके बाद अयोध्या में श्री रामलला जी के दर्शन करेंगे। इसी प्रकार वापसी में फिर से लखनऊ में रात्रि ठहराव के बाद तीर्थ यात्री 14 मार्च को वापिस हिसार लौटेंगे। उन्होंने कहा कि इन तीर्थ यात्रियों में सभी लोग ऐसे हैं जिनकी अपने आराध्य प्रभु श्री रामलला के दर्शन की बहुत इच्छा थी लेकिन संसाधन न होने की वजह से नहीं जा पा रहे थे। ऐसे लोग अब इस योजना के तहत वातानुकूलित बस में बैठकर अयोध्या धाम जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ भविष्य में भी लेने के लिए सरल पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभी रजिस्ट्रेशन के लिए 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना से कम आय वाले तथा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए यह सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्रभु श्रीराम जी के जन्म स्थान अयोध्या में मंदिर बनाने को लेकर 500 साल पुराना संघर्ष था, लेकिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करके देश के गौरव को बढ़ाया है। इस अवसर पर लोकेश असीजा, संजीव चौहान, प्रवीन गुप्ता, नेक राम, जितेंद्र सोनी, सुरेंद्र सहित जिले के विभिन्न गांवों से आए श्रद्धालु आदि आदि उपस्थित रहे।

# बृजलाल बहबलपुरिया बने ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के ज्वाईंट को-ऑर्डिनेटर, रणदीप सुरजेवाला सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का जताया आभार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बृजलाल बहबलपुरिया को ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का ज्वाईंट को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। उन्हें यह नियुक्ति कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने प्रदान की। बृजलाल बहबलपुरिया हरियाणा में सबसे कम उम्र में जिला परिषद अध्यक्ष बने थे और उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा बेस्ट चेयरमैन के तौर पर राजीव गांधी अवार्ड प्रदान किया गया। पूर्व चेयरमैन बहबलपुरिया लंबे समय से कांग्रेस



पार्टी के सच्चे सिपाही के तौर पर पूरी निष्ठा के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में लगे हुए हैं और उकलाना क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की मजबूती में उनका अहम योगदान है। उनकी निष्ठा व परिश्रम को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी है। बृजलाल बहबलपुरिया ने उन्हें ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का ज्वाईंट को-ऑर्डिनेटर बनाए जाने पर कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, के.सी. वेणुगोपाल व चौ. रणदीप सिंह सुरजेवाला का हार्दिक आभार जताया है।

# सरकार में उल्टफेर करके ओबीसी वर्ग को ठगने के प्रयास में भाजपा, नहीं होगी कामयाब : सुभाष वर्मा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** कांग्रेस ओबीसी सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा ने कहा है कि भाजपा हरियाणा की सरकार में उल्टफेर करके ओबीसी वर्ग को ठगने का प्रयास कर रही है लेकिन इसमें वह सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अब भाजपा की जमीन खिसक चुकी है और इस तरह के उल्टफेर से उसे काफी लाभ मिलने वाला नहीं है। हरियाणा में हुए राजनीतिक घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुभाष वर्मा ने कहा कि भाजपा ने ओबीसी वर्ग को लुभाने के लिए पहले नायब सिंह सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया और मात्र छह माह से ही कम समय में उसी आदमी को मुख्यमंत्री बना दिया।



भाजपा ने अच्छी तरह से जान लिया कि नायब सिंह सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने के बावजूद उसे कोई राजनीतिक फायदा नहीं हुआ तो उसने उन्हें अब मुख्यमंत्री की शपथ दिला दी। इसके बावजूद भाजपा को कोई राजनीतिक फायदा नहीं होगा क्योंकि पिछले लगभग साढ़े नौ साल में भाजपा ने ओबीसी समाज के हित में कोई काम नहीं किया। ओबीसी समाज के लोग नौकरियों सहित हर सुविधाओं के लिए तरसते रहे लेकिन भाजपा सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा वास्तव में ही पिछड़ा वर्ग की हितैषी है तो लोकसभा की पांच व विधानसभा की 25 सीटें देकर अपने को पिछड़ा वर्ग हितैषी साबित करें।

# दयानन्द महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के प्रबंधन विभाग ने बीबीए के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता विभागध्यक्ष डॉ. सुरूचि शर्मा की देखरेख में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में बीबीए के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रबंधन विभाग के विभिन्न विषयों से प्रश्न शामिल किए गए। जिससे विद्यार्थियों के



विषय ज्ञान में भी बढ़ोतरी हुई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीबीए प्रथम वर्ष के छात्रों ने, द्वितीय स्थान बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्रों ने तथा तृतीय स्थान बीबीए तृतीय वर्ष के छात्रों की टीमों ने हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया व बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के विषय ज्ञान में वृद्धि होती है। विभागाध्यक्षा डॉ. सुरूचि शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करते रहेंगे जोकि अपने विषय ज्ञान से संबंधित होगी। जिससे विद्यार्थियों के ज्ञान का विस्तार होगा। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रबंधन विभाग के सहायक प्रो. स्मृति, डॉ. रीना, प्रो. अनिता तथा प्रो. ज्योति भी उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में आयोजित प्रश्नोत्तरी में एमए इंग्लिश के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** राजगढ़ रोड़ स्थित राजकीय महाविद्यालय (स्नातकोत्तर) हिसार के सभागार में अंग्रेजी विभाग के निर्देशन में इंग्लिश लिटरेरी सोसाइटी द्वारा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. दीपमाला लोहान ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक डा. वेद भूषण ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 5 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विक्टोरियन युग से जुड़े हुए प्रश्न पूछे गए। इस दौरान बच्चों में काफी जोश और






उत्साह देखने को मिला। एम. ए. इंग्लिश फाइनल इयर (सचिन, अनन्या बिश्नोई, श्रुति) की टीम ने पहला स्थान, बीए इंग्लिश ऑनर्स (नितेश, अंशुल, सोनू) ने दूसरा व बीए इंग्लिश ऑनर्स द्वितीय वर्ष (विजय, भावना, सिमरण) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. दीपमाला लोहान ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों के आत्म विश्वास बढ़ने के साथ-साथ उन्हें कुछ नया जानने व सीखने की प्रेरणा भी मिलती है। इस अवसर अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापक व विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# जीजेयू में प्रदेश के चार जिलों के 18 महाविद्यालयों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के बारे में प्रशिक्षित किया

## महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) ने मंगलवार को प्रदेश के चार जिलों के 18 महाविद्यालयों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के बारे में प्रशिक्षित किया। महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। यह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला विश्वविद्यालय की इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सैल (आईक्यूएसी) द्वारा डीन ऑफ कॉलेजिज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुई इस कार्यशाला में पूर्व कुलपति एवं हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के प्रो. बी.के. पूनिया, अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. एन.के. बिश्नोई, हरियाणा स्कूल आफ बिजनेस के अधिष्ठाता प्रो. कर्मपाल नरवाल तथा डीएसडब्ल्यू प्रो. योगेश चाबा रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय को इस कार्यशाला का दायित्व उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा सौंपा गया था।

विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार तथा आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि विशेषज्ञ वक्ताओं ने महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों को नैक के मापदंडों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। करीकुलर आस्पेक्टस, टीचिंग लर्निंग एंड इवैल्यूएशन, शोध, नवाचार, एक्सटेंशंस, आधारभूत ढांचा, लर्निंग रिसोर्सिज, स्टूडेंटस स्पोर्ट एंड प्रोग्रेशन, गर्वनेंस, लीडरशिप तथा मैनेजमैंट एंड इंस्टीट्यूशनल वैल्यूज के साथ-साथ बैस्ट प्रेक्टिसिस के बारे में भी विषय विशेषज्ञों ने महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को नैक एक्रेडिटेशन प्रक्रिया में आउटकम बेस्ड एजुकेशन तथा इसके महत्व के बारे में भी जानकारी दी। प्रतिभागियों को उनसे संबंधित महाविद्यालयों में नैक एक्रेडिटेशन के दौरान हर संभव सहायता तथा मार्गदर्शन का आश्वासन भी दिया गया। इस अवसर पर आईक्यूएसी के उपनिदेशक प्रो. कश्मीरी लाल तथा विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के विभागीय संयोजक भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में इन महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने लिया भाग

विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार तथा आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में आदर्श महाविद्यालय, भिवानी, वैश कॉलेज भिवानी, बनवारी लाल जिंदल सुईवाला महाविद्यालय, तोशाम, केएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भिवानी, दयानंद महाविद्यालय, हिसार, सनातन धर्म महिला महाविद्यालय, हांसी, सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हिसार, छाजूराम मेमोरियल जाट महाविद्यालय, हिसार, फतेहचंद महिला महाविद्यालय, हिसार, जनता विद्या मंदिर, गणपत राय राशिवासिया महाविद्यालय, चरखी दादरी, एपीजे सरस्वती कॉलेज फॉर गर्ल्स चरखी दादरी, महिला महाविद्यालय, झोझू कलां, एमएलआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चरखी दादरी, महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय, मंडी डबवाली, बीएसके कॉलेज ऑफ एजुकेशन मंडी डबवाली, सीएमके नेशनल पीजी कॉलेज सिरसा, श्री गुरु हरि सिंह कॉलेज सिरसा तथा मनोहर मेमोरियल पीजी कॉलेज फतेहाबाद के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया।

# जीजेयू में 'प्रोवेस डेटाबेस' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के डॉ. भीम राव अम्बेडकर पुस्तकालय द्वारा प्रबंधन, वाणिज्य और अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए 'प्रोवेस डेटाबेस' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम वास्तव में मील का पत्थर साबित होते हैं और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को गति देते हैं। जिससे संबंधित संस्थान को गुणवत्तापूर्ण शोध के मामले में बेहतर रैंकिंग प्राप्त होती है। प्रशिक्षण सत्र में 109 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रोवेस कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन का एक डेटाबेस है। कंपनियों, स्टॉक एक्सचेंजों और नियामकों की वार्षिक रिपोर्ट डेटा के प्रमुख स्रोत हैं। प्रोवेस, प्रोवेस डेटाबेस की एक डिलीवरी है, जिसे विशेष



रूप से शिक्षा जगत के लिए डिजाइन किया गया है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने विशेष डेटाबेस पर कई प्रश्न पूछे, यहां तक कि इस बात पर भी चर्चा की कि वे कौशल डेटाबेस का उपयोग करके प्रोजेक्ट कैसे बना सकते हैं। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र कुमार चौहान ने सुदर्शन नेगी, सीएमआईई प्रोवेस प्रतिनिधि के स्वागत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग की आरजू द्वारा दिया गया। सत्र के दौरान प्रो. प्रदीप गुप्ता, प्रो. टीका राम, डॉ. विजेंद्र पाल सैनी, डॉ. सोमदत्त और इनफॉर्मेशन साइंटिस्ट पूजा उपस्थित थे।

# लोकतंत्र का हनन कर रही है भाजपा : सम्पत खटक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** कांग्रेस अनुसूचित विभाग के प्रदेश सचिव सम्पत खटक ने जारी एक बयान में कहा कि भाजपा का एक मात्र उद्देश्य लोकतंत्र का हनन करना हैं, भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत हेगड़े का बयान इस बात को स्पष्ट करता हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री का कहना है कि संविधान संशोधन के लिए भाजपा को दो तिहाई बहुमत लोकसभा में चाहिए। ये नेता भारतीय लोकतंत्र व संविधान का अपमान कर



रहें । सम्पत खटक ने कहा की भाजपा का एकमात्र लक्ष्य ही संविधान निर्माण सभा के सैंकड़ों लोगों द्वारा देश को मजबूत बनाने के लिए बनाए गए संविधान को बदलना है। खटक ने भाजपा जजपा गठबंधन के टूटने पर कहा की ये कोई गंठबंधन नहीं था ये तो ठगबंधन था। भाजपा जजपा ने हरियाणा प्रदेश को लूटने का काम किया है आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है देश व प्रदेश में बहुत जल्द कांग्रेस पार्टी की सरकार होगी।

# मजबूरी में गंदे पानी से गुजरती है शव यात्रा, तलवंडी राणा गांव श्मशान घाट का रास्ता गंदे पानी में डूबा

**छह-सात वर्षों से श्मशान घाट की चार दीवारी पूरा होने का इंतजार, शिवधाम योजना के तहत अभी तक नहीं बनी है श्मशान घाट की फिरनी**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** भले ही प्रदेश सरकार शिवधाम योजना के तहत प्रदेश के सभी श्मशान घाटों की स्थिति सुधारने के लाख दांवे करती हो, हिसार के एक मंत्री को हर दूसरे दिन आधुनिक श्मशान घाटों के नाम पर सूर्खियों में रहते हैं, मगर निकटवर्ती गांव मगर तलवंडी राणा की जमीनी हकीकत कुछ ओर ही है। इससे बड़ी विडम्बना क्या होगी कि तलवंडी राणा में किसी शव यात्रा को मजबूरी में दो-दो फूट गंदे पानी से होकर गुजरना ही पड़ेगा। गांव की मुख्य श्मशान भूमि के रास्ते में जहां दो से तीन फूट पानी अक्सर जमा रहता है, वहीं आधे के करीब श्मशान घाट भी गंदे पानी में डूबा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गांव की आधी श्मशान भूमि में भी बरसात एवं आमदिनों में तालाब का या बरसाती या तालाब का गंदा पानी जमा रहता है। परेशान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय तक इस दिशा में ध्यान देने की गुहार लगाई है। ग्रामीण देवीलाल, नरेश कुमार, चिमन लाल, ईश्वर, अनिल, सुनील, संदीप सैंकड़ों ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत, एक दर्जन पंचों एवं पूर्व पंचो के अनुसार तलवंडी राणा के मुख्य श्मशानघाट की चार-दिवारी का निर्माण कार्य आधा व अधूरा ही हुआ है। मुख्य श्मशान घाट की दो तरफ चारदीवारी बनी हुई, शेष दो तरफ की चारदीवारी न होने के कारण गांव का श्मशानघाट बेसहारा पशुओं की शरण स्थली बन कर रह गया है। ग्रामीणों के अनुसार उनके श्मशान घाट में प्रवेश करने का रास्ता अक्सर बरसाती पानी या गांव के गंदे पानी से डूबा रहता है। जिसके कारण शव यात्रा से लेकर आने वाले लोगों को भी इस गंदे पानी से होकर ही गुजरना पड़ता है। साथ ही श्मशान घाट के बाहरी तरफ फिरनी की बहुत अधिक आवश्यकता है। इसके अलावा मुख्य श्मशान घाट/ जनरल श्मशान घाट में पूर्व पंचायत ने पानी की दो टंकियां तो बनवा दी थी, मगर उसका पानी का कनेक्शन चार-पांच वर्ष से अब तक नहीं हुआ है। जिस कारण पानी की ये दोनों टंकियां पूर्णरुप से जर्जर हालात में है। यदि इस दिशा में ध्यान नहीं दिया गया तो ये कभी भी भरभर्रा कर गिर सकती है। ग्रामीणों ने इन टंकियों की मरम्मत करने व इनमें पानी का कनेक्शन एवं इनमें दो दर्जन टूटियां लगाने की व्यवस्था की भी मांग की है।

### दो-तीन बड़े शैडों का निर्माण हो

तलवंडी राणा के ग्रामीणों के अनुसार मुख्य श्मशान घाट में महज एक ही टीन शैड बना हुआ है वह बहुत ही छोटा है। जिसके तले महज 15 से बीस आदमी ही खड़े हो सकते हैं। जिसके कारण दाह संस्कार के लिए आने वाले ग्रामीणों को गर्मी, सर्दी व बारिश के मौसम में परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने यहां पर कम से कम 25 बाई 100 फूट के दो से तीन टीन शैडों का निर्माण करवाने की भी मांग की है। इसी प्रकार ग्रामीणों ने एस.सी. श्मशान भूमि में भी दो से तीन बड़े शैड लगाने एवं प्रवेश द्वार बनवाने सहित उसकी उसकी फिरनी में मिट्टी भराई करवाने की भी मांग की है।

### क्या है शिवधाम योजना

प्रदेश के श्मशान घाटों की स्थिति सुधारने व उन्हें नया रुप देने के लिए प्रदेश सरकार ने वर्ष 2019 में शिवधाम योजना की शुरुआत की थी। जिसके तहत प्रदेश के प्रत्येक श्मशान घाट के रास्ते पक्के करने, पीने के पानी के लिए टंकियों का निर्माण करने व उनमें पानी का कनेक्शन लगाने, चारदीवारी का निर्माण करवाने व टीनशैड का निर्माण सहित कई आवश्यक कार्य करवाएं जाने है। प्रदेश सरकार का दावा है कि अधिकाश गांवों में ये सभी कार्य हो चुके हैं या फिर ये कार्य अन्तिम चरण में हैं।

# 14 मार्च को हजारों किसान मजदूर जाएंगे दिल्ली : संयुक्त किसान मोर्चा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** संयुक्त किसान मोर्चा हिसार का पक्का धरना आज 71वें दिन भी जारी रहा। गत मंगलवार को पक्का मोर्चा धरने पर संयुक्त किसान मोर्चा की ड्यूटी रही। मोर्चे पर उपलब्ध साथियों की मीटिंग कि गई जिसकी अध्यक्षता शमशेरसिंह नम्बरदार, रणबीर मलिक एंव सोमवीर चौधरीवास ने संयुक्त रुप से की

संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार के किसान नेताओं ने बताया कि 14 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कमेटी द्वारा दिल्ली में रामलीला मैदान में होने वाली किसान मजदूर महापंचायत में हिसार से हजारों की संख्या में पहुंचेंगे। यह महापंचायत संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों की समन्वय समिति की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, बिजली बिल संशोधन की वापसी, लेबर कोड रद्द किए जाने आदि मुद्दों पर की जा रही है।

किसान नेता सरदानन्द राजली ने बताया कि किसान मजदूर महापंचायत की सफलता के लिए संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार ने गांव की कमेटियों कि ड्युटियां लगा दी है। उकलाना साईड के गांव के साथी नरवाना से 13 मार्च को शाम वाली ट्रेन से रवाना होंगे और हिसार के आसपास के गांव के साथी 14 मार्च को सुबह 9:20 वाली ट्रेन से रवाना होंगे। हांसी के आसपास के गांव के साथी हांसी से इसी ट्रेन में जाएंगे। जिस गांव के साथी सुबह नहीं पहुंच सकते उनके रहने ठहरने की व्यवस्था पक्का मोर्चा धरना स्थल पर कर रखी है। ज्यादातर किसान मजदूर ट्रेन से जाएंगे, अपने नीजि साधनों में और बसों से भी जाएंगे। किसान नेताओ ने कहा हर हाल में दिल्ली जाएंगे किसी भी सूरत में पीछे नहीं हटेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा जो भी आह्वान करेगा उसको हर हाल में पूरा करेंगे संयुक्त किसान मोर्चा हर रोज मजबूत हो रहा है।

धरने पर जसबीर सूरा, डाक्टर करतार सिवाच, सुबेसिंह बूरा, राजसिंह हसनगढ़, राजीव मलिक, कुलदीप पुनिया, सतबीर धायल, डाक्टर अर्जुन सिंह राणा, बलराज मलिक, कैलाश मलिक, सन्जय डाया, शीशपाल बालक, कपूर बगला, देवेंद्र लौरा, प्रेम वकील, महासिंह राजली, कुलदीप नम्बरदार, जगबीर ढ़ढेरी, राजेंद्र सांहडवा, करण सिंह आर्य, सतवीर झाझडिया, ईश्वर ग्रेवाल, कृष्ण पूनिया, तायल मायला, विजय जागलान, कृष्ण गावड़, किशोरी लाल आदि शामिल रहे।

# हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लीडिंग बॉक्सिंग अकादमी के दो मुक्केबाजों ने पदक जीते



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** हाल में सिवानी में संपन्न हुई द्वितीय सब जूनियर (बॉयज एवं गर्ल्स) हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लीडिंग बॉक्सिंग अकादमी हिसार के चार मुक्केबाजों ने भाग लिया। सभी का अच्छा प्रदर्शन रहा। इनमें से दो मुक्केबाजों दिव्या ने रजत पदक व हंशिका ने कांस्य पदक प्राप्त करके अपना, अपने माता-पिता और गुरु के साथ-साथ हिसार जिले का भी नाम रोशन किया। लीडिंग बॉक्सिंग अकादमी के बॉक्सिंग कोच सतीश जांगड़ा ने बताया कि डीएसपी जय भगवान, जोकि ओलंपियन अर्जुन अवार्डी हैं, ने इस प्रतियोगिता के माध्यम से हरियाणा के सभी युवाओं विशेष कर खिलाड़ियों को बहुत अच्छा संदेश दिया है कि नशा मुक्त रहने में किसी भी तरह का खेल रामबाण औषधि का काम करता है। युवाओं को हर तरह के नशे से दूर रहना चाहिए, तभी उनका सुनहरा भविष्य सुरक्षित है। इस मौके पर बॉक्सिंग कोच सतीश जांगड़ा ने दोनों विजेताओं व उनके माता-पिता को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कोच सतीश जांगड़ा ने कहा कि आज के तनाव ग्रस्त जीवन शैली में खेल का मैदान एक ऐसी जगह है, जो तनाव मुक्त रखने में कारगर साबित होता है। किसी भी तरह का तनाव दूर करने के लिए किसी भी तरह का खेल, हर तरह का तनाव दूर करने में मददगार साबित हो सकता है।

# बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने निशुल्क शिक्षा के लिए आयोजित की प्रवेश परीक्षा

**नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने के लिए दोबारा 23 व 31 मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। नौवीं, दसवीं व बारहवीं कक्षा में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन्हीं कक्षाओं के लिए 23 मार्च को दोबारा प्रवेश परीक्षा होगी और 31 मार्च को 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने का अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला के पास स्थापित सेंटर में विद्यार्थियों को न केवल स्मार्ट बोर्ड से अनुभवी शिक्षकों द्वारा निशुल्क पढ़ाया जाता है बल्कि उन्हें पढ़ाई के संसाधन भी निशुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी समाज हित व शैक्षणिक कार्यों के प्रति समर्पित है। सभी शैक्षणिक व सामाजिक सेवा कार्य नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बिमल प्रसाद जैन की रचनात्मक सोच के चलते क्रियान्वित हो रहे हैं। जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन व बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि विद्यार्थियों को समुचित शिक्षा उपलब्ध करवाना ही सोसायटी का मूल उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को फलीभूत करने के लिए विभिन्न सरकारी विद्यालयों में सोसायटी द्वारा लाइब्रेरी, शेड का निर्माण, टॉयलेट का निर्माण व वाटर कूलर की स्थापना करवाई गई है। इतना ही नहीं सर्दी में जूते व स्वेटर भी सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए जाते हैं। इसके साथ-साथ रजिस्टर व अन्य स्टेशनरी की सामग्री भी विद्यार्थियों में सेवार्थ भाव से वितरित की जाती है।

# वाल्मीकि समाज की 40 वर्षो पूरानी मांग हुई पूरी, समाज के लोगों ने निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना का जताया आभार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** वाल्मीकि समाज की 40 वर्षो से भगवान वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा समिति के लिए भूमि देने की पूरानी मांग को हरियाणा सरकार ने पूरा कर दिया है। जिसको लेकर वाल्मीकि समाज के लोग निवर्तमान महापौर गौतम सरदाना का आभार जताया। संस्था के अध्यक्ष बलराज चौहान ने बताया कि भगवान वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा समिति ने सातरोड़ स्थित स्वर्ण जयंति पार्क के पास की भूमि को संस्था को देने के लिए लगभग 3 वर्ष पहले मौजूदा महापौर गौतम सरदाना को मांग पत्र देकर भूमि देने की मांग की थी। उस समय महापौर गौतम सरदाना के की अध्यक्षता में हाउस की मीटिंग में सभी पार्षदों की मौजूदगी में यह एंजेडा पास करके सरकार को भेजा गया था। जिस पर सरकार ने मौहर लगाते हुए वाल्मीकि समाज को एक तोहफा दिया। जिसका श्रेय नगर निगम के हाउस व निवर्तमान महापौर गौतम सरदाना को जाता हैं। जिसको लेकर मंगलवार को वाल्मीकि समाज के लोगों ने निवर्तमान महापौर गौतम सरदाना का उनके निवास स्थान पर जाकर आभार जताया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान बलराज चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो 40 वर्ष पूरानी मांग पूरी की हैं, पिछली सरकारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसके लिए वाल्मीकि समाज भाजपा सरकार का सदैव ऋणी रहेगा। इस अवसर पर निवर्तमान महापौर गौतम सरदाना ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। जो सातरोड़ स्थित स्वर्ण जयंति के पास 3600 वर्गगज भूमि वाल्मीकि समाज की संस्था को दी गई हैं। उस पर शिक्षा से सम्बन्धित सभी कार्य किये जाएंगे। जिससे वाल्मीकि समाज के युवाओं में शिक्षा के प्रति ओर जागरूकता आएंगी। जिससे समाज को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज से सोनू कांगड़ा, महेन्द्र कांगड़ा, विनोद चड्ढा, ब्रिज मोहन मौजूद रहे।

# हरियाणा में बदलाव का समय बीजेपी हरियाणा की जनता को गुमराह नहीं कर सकती : कुमारी सैलजा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 13 मार्च :** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि भाजपा सरकार दमनकारी नीतियों को देखते हुए जनता पूर्ण रूप से बदलाव का मन बना चुकी है और वर्तमान परिस्थितियों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह एक बदलाव का समय है। पिछले साढ़े 9 साल से भाजपा जनता को गुमराह करती आ रही है वंही साढ़े चार साल हरियाणा की जनता की आंखों में धूल झोंकने के बाद यदि भाजपा यह सोच रही हैं कि जनता सब भूल जाएगी तो यह उनका भ्रम है। सैलजा ने कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा का यह भ्रम भी टूट जाएगा। सैलजा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी द्वारा संयुक्त रूप से पुनः जनता को परेशान करने का असफल प्रयास किया जा रहा है जो कतई सफल नही होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि आने वाले चुनाव में हरियाणा की जनता कांग्रेस की सरकार चुनेगी, क्योंकि कांग्रेस गरीब वर्ग, कमेरे एवं पिछड़े वर्ग और महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस की यह संघर्ष न्याय और लोकतांत्रिक व्यवस्था के संरक्षण के लिए है। भाजपा के शासनकाल में जिस प्रकार देश प्रदेश में बेरोजगारी बड़ी है उसके लिए कांग्रेस द्वारा विशेष रूप से काम किया जाएगा क्योंकि कांग्रेस की यह लड़ाई बेरोजगार युवाओं को उनका हक वापिस दिलवाने की है। सैलजा ने कहा कि जब तक आम जनता को न्याय नहीं मिलेगा यह संघर्ष इसी प्रकार जारी रहेगा।

# निशान यात्रा के साथ श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम भगत मेला शुरू, 21 मार्च को आयोजित होगा भंडारा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** श्री श्याम मंदिर में भव्य निशान यात्रा के साथ 11 दिवसीय श्री श्याम भगत मेला शुरू हो गया। 21 मार्च तक चलने वाले इस मेले में हर रोज दोपहर 3.15 बजे से सायं 6 बजे तक कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर श्री रामकथा करेंगे। 21 मार्च को प्रातः 11.15 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा। मंदिर के महंत गोकुलदास व संयोजक जगदीश तायल ने बताया कि प्रोफेसर कॉलोनी की गली नं. 1 में सभी श्रद्धालुओं ने एकत्र होकर निशान यात्रा की शुरुआत की। धर्मबीर शास्त्री, मंजू शर्मा व जमना बंसल ने पूजा-पाठ के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को निशान सौंपे। इस निशान यात्रा में महिला श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्तों ने पीले ध्वज थामकर और जयघोष करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में निशान यात्रा निकाली। इस दौरान सुरेश मय्यड़ व सुंदरलाल बतरा ने इत्र की वर्षा करके श्रद्धालुओं को सराबोर कर दिया। किसान कॉलोनी स्थित श्री श्याम मंदिर में निशान यात्रा के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सभी श्रद्धालुओं का सत्कार करने के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस निशान यात्रा में किसान कॉलोनी, आजाद नगर, प्रोफेसर कॉलोनी, नवदीप कॉलोनी, कैमरी व गंगवा सहित हिसार व अन्य जिलों के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर, पूर्ण बिश्नोई, नितिश सुथार, रोहतास सुथार, गजेंद्र चौधरी, कैलाश बंसल, नरेश बगला, संजय शर्मा व राजू चौहान सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महंत गोकुलदास व संयोजक जगदीश तायल ने बताया कि भक्तों की श्री श्याम बाबा और प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध आस्था है। इसी आस्था के चलते श्री श्याम मंदिर में 21 मार्च तक 11 दिवसीय श्री श्याम भगत मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मेले में शिरकत करने वाले श्रद्धालुओं को श्री श्याम मंदिर में स्थापित मां सरस्वती, भगवान विष्णु-लक्ष्मी, मां शेरांवाली, भगवान शिव-पार्वती, श्रीराम दरबार, वीर बजरंग बली एवं श्रीकृष्ण-राधा सहित कई देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के दर्शन करने एवं आराधना करने का भी अवसर मिलेगा।

# सांवरिया कर दो बेड़ा पार....

**बीड़ बबरान धाम में बबरान नरेश प्रकटोत्सव का तीसरा दिन**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** श्री श्याम बाबा मंदिर ट्रस्ट बीड़ बबरान के तत्वाधान में 51वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के मंगलवावर को तीसरे दिन सायंकाल आयोजित किये गए श्याम संकीर्तन में सैंकड़ों श्रद्धालु घण्टों तक झूमते रहे। हिसार के भजन गायक ऋषभ, मोहित, गीतिका शर्मा, बलराम, मोनू व ऋतिक ने श्याम बाबा का गुणगान करके समां बांध दिया। गाये गए भजनों में सांवरिया कर दो बेड़ा पार...., हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं....., क्यूं घबराऊँ मैं, मेरा तो श्याम से नाता है...., डाकिया जा रे...., आदि शामिल रहे। धाम के महंत व श्याम भक्त पंडित विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि आज के संकीर्तन में एचएयू के रजिस्ट्रार डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। हिसार व आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों भक्तों ने श्याम बाबा के मंदिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया। धाम के प्रधान शिव कुमार सिंगल ने बताया कि 15 मार्च तक प्रतिदिन सायंकाल 4:00 से 7:30 बजे तक श्याम संकीर्तन होगा जिसमें नामी गायक श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। 16 मार्च को प्रातः काल 8:15 बजे बबरान नरेश महाभिषेक होगा। 11:15 बजे श्रीश्याम मंगल ज्योति महायज्ञ होगा तथा रात्रि 8:00 बजे से प्रभु इच्छा तक श्याम नाम संकीर्तन होगा।

# सजग की समन्वय समिति के व्यापारिक सदस्यों व हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के जोनल एडमिनिस्ट्रेटर के बीच हुई बैठक

**जोनल एडमिनिस्ट्रेटर राहुल मित्तल ने मंडी की समस्याओं पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने का दिया निर्देश**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** स्वैच्छिक सामाजिक संस्था सजग द्वारा गठित समन्वय समिति के सदस्यों व हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के जोनल एडमिनिस्ट्रेटर राहुल मित्तल के बीच नई अनाज मंडी स्थित बोर्ड के कार्यालय में एक बैठक हुई जिसमें मंडी, किसानों व व्यापारियों के हितों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में समन्वय समिति के सदस्यों जिला मंडी एसोसिएशन प्रधान व सजग के संरक्षक पवन गर्ग, सजग के प्रदेशाध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल, सेक्टर 27-28 इंडस्ट्रियल एरिया से दुनीचंद गोयल व अनिल सिंगला मंगाली वाले, नई अनाज मंडी से खल बिनोला एसोसिएशन जिला प्रधान त्रिलोक कंसल, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के प्रधान अनिल जैन, मंडी एसोसिएशन पूर्व प्रधान संजय गोयल, मनिष बंसल, सत्य प्रकाश आर्य ने भाग लिया। इस अवसर पर अनाज मंडी के व्यापारियों ने मंडी की समस्याओं से जोनल एडमिनिस्ट्रेटर को अवगत कराते हुए कहा कि अनाज मंडी के अंदर आने वाले बेसहारा पशुओं को रोकने के लिए चौकीदार की व्यवस्था, मंडी में सुलभ शौचालय तथा बारिश के समय खड़े होने वाले पानी की निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। व्यापारीयों ने एक शेड के पुनर्निर्माण की मांग भी रखी। व्यापारियों की समस्याओं को सुनते हुए जोनल एडमिनिस्ट्रेटर राहुल मित्तल ने सभी समस्याओं पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। सजग के प्रदेश अध्यक्ष सत्य पाल अग्रवाल ने जोनल एडमिनिस्ट्रेटर राहुल मित्तल को बताया कि सरकारी स्कीमों, प्रावधानों व जन सुझावों पर सरकारी विभागों व लोगों के बीच सामंजस्य स्थापित कर सहजता से व्यावसाय करने व जनसाधारण को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य को लेकर समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस पर जोनल एडमिनिस्ट्रेटर राहुल मित्तल ने आश्वस्त किया कि समन्वय समिति, मंडी एसोसिएशन, व्यवसायी व किसानों द्वारा जब भी मंडी की कोई समस्या तथा सुझाव के प्रति अवगत कराया जाएगा बोर्ड हर संभव सहयोग के लिए तैयार रहेगा। उन्होने कहा कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड किसानों व व्यापारियों के हित व सुविधा के लिए कटिबद्ध है।

# भाजपा में साधारण कार्यकर्ता भी बन सकता है मुख्यमंत्री : रतन सैनी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रतन सिंह सैनी ने पुष्पा कॉम्पलैक्स में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर रंग-गुलाल लगाकर व लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर रतन सैनी ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने होली पहले नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाकर जनता को तोहफा दिया है। इससे हरियाणा में होली से पहले ही होली मनाई जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा व मनोहर लाल खट्टर का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा एक कैडर बेस पार्टी है। भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता भी अपने काम के बल पर मुख्यमंत्री बन सकता है, जिसका उदाहरण नायब सैनी हैं। उन्होंने कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों जीतकर मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाएगी और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाएगी। इस अवसर पर सूबेदार तिलक राज, रमेश सैनी एलआईसी वाले, बाबूराम सैनी, मुनीष सीए, राजेश, रमेश कुमार, नरेंद्र सिंह, ललित सैनी, राकेश आरके कम्प्यूटरी, सुमित, चेतराम सैनी, नरोत्तम सैनी, सुनील सैनी, पवन कुमार, इंद्रजीत बिट्टू, संजय वधवा, सुशील बूरा, दीपक, इंद्रजीत, राहुल व सुखदेव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिछड़ा वर्ग को भ्रमित करके उनके वोट हथियाने का प्रपंच रच रही भाजपा : लाल बहादुर खोवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर द्वारा पूरे मंत्रीमंडल सहित इस्तीफा देना और नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने के घटनाक्रम पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा इस उलटफेर से पिछड़ा वर्ग को ठगने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह तो भाजपा की पुरानी रणनीति है कि चुनावों से पहले पिछड़ा वर्ग को झूठ व फरेब के जाल में फंसाकर किसी तरह वोट हथिया लिए जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस चाल को जनता समझ चुकी है और अब इसके झांसे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा इतनी ओबीसी की हितैषी है तो उसकी चिरपरिचित जनगणना की मांग को क्यों ठुकरा रही है। एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि हरियाणा में पिछड़ा वर्ग के वोट हासिल करने के लिए भाजपा ने कुछ महीने पहले नायब सिंह सैनी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। इससे बात नहीं बनी तो तुरंत उलटफेर करते हुए मुख्यमंत्री के पद पर आसीन कर दिया गया है। दरअसल यह पिछड़ा वर्ग को लुभाकर उनके वोट हासिल करने का भाजपा का खेल है। खोवाल ने कहा कि असलियत तो यह है कि भाजपा का जनाधार खिसक चुका है। जनविरोधी नीतियों के चलते जनता भाजपा से खफा है और अब लोकसभा चुनाव व कुछ महीनों बाद होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाने के मूड में है।

# नायब सैनी को सीएम बनाए जाने पर पूर्व मंत्री हरिसिंह सैनी के आवास पर मना जश्न



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर पूर्व मंत्री चौधरी हरिसिंह के निवास स्थान पर पूर्व पार्षद रेखा सैनी ने नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओ के साथ ढोल बजाकर व लड्डू बांटकर खुशी मनाई। इस मौके पर देवेन्द्र सैनी, पूर्व पार्षद प्रत्याशी ईश्वर सैनी नाटा, मनोज कुमार जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, हरि सिंह सैनी सांखला पूर्व पार्षद प्रत्यशी, सुभाष कटारिया, सतबीर वर्मा, नानूराम सैनी, जय प्रकाश शर्मा, आनंद प्रकाश सैनी, दीपक वाल्मीकि, महावीर सैनी प्रधान, सुभाष सैनी पूर्व प्रधान, गोल्डी सैनी, विनोद कटारिया, राधेश्याम सोनी, आशु डाबी, कृष्ण सैनी पप्पू, राजेंद्र बिश्नोई श्यामलाल सैनी, अरविंद सैनी व सुरेंद्र खेड़ा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# छाजूराम जाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया एचएयू का शैक्षणिक भ्रमण




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** छाजूराम जाट महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा 'वसुंधरा भूगोल परिषद' के सौजन्य से चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कृषि महाविद्यालय परिसर स्थित डॉ. मंगल सेन कृषि विज्ञान संग्रहालय तथा एग्रो टूरिज्म पार्क का भ्रमण किया। भूगोल विषय के विद्यार्थियों ने संग्रहालय में कृषि से संबंधित आधुनिक जानकारी जुटाई तथा हरियाणवी संस्कृति से संबंधित गैलरी का अध्ययन किया। एग्रो टूरिज्म पार्क में विद्यार्थियों ने विभिन्न फूलों-फलों से संबंधित ज्ञानार्जन किया। लगभग 50 विद्यार्थियों ने भूगोल विभागाध्यक्ष प्राध्यापिका हर्ष लेखा, अंजू कुमारी, नेहा तथा प्राध्यापक नरेश के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण में हिस्सा लिया।

# डॉ रमेश पूनिया बायोलॉजिस्ट ने हिसार में दोबारा ज्वॉइन करने पर स्टॉफ सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** हिसार से पलवल स्थानांतरित किए गए डॉ रमेश पूनिया बायलोलॉजिस्ट ने जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय हिसार में बुधवार को कार्यग्रहण कर लिया। डॉ रमेश पूनिया का कार्यालय पहुंचने पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ सुभाष खतरेजा सहित कार्यालय के सभी एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों, एलटी, स्थापना शाखा, एनसीडी, स्कूल हैल्थ, ड्रग्स, निरोगी हरियाणा आदि कर्मियों ने बुक्के देकर स्वागत किया।विदित हो कि पिछले साल अगस्त में किसानों द्वारा लघु सचिवालय के घेराव के कारण शहर में नाकेबंदी संबंधी पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करने को लेकर प्रशासन ने अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उनका पलवल स्थानांतरण कर दिया था जिसको लेकर डॉ रमेश पूनिया ने उनके वकील संचित पूनिया के माध्यम से हरियाणा और पंजाब हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप पर स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग सुधीर राजपाल ने सोमवार को स्थानांतरण आदेश जारी किए थे। डॉ पूनिया की आगामी 31 मार्च को सेवानिवृति है। इस अवसर पर जितेंद्र मलिक, नूर मोहमद, प्रदीप, आशीष, उपअधीक्षक जसबीर, नीरज मेहता, डॉ दीपिका, डॉ मिलू लांबा, सोनू बूरा, बजरंग सोनी, सुनील, सतीश, राजेश कौशिक, कश्मीर, नरेश यादव, दलबीर गिल आदि उपस्थिति रहे।

# बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उदय ने जीता स्वर्ण पदक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 13 मार्च :** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल हांसी के के कक्षा आठवीं के छात्र उदय सिंह सुपुत्र श्री विनय कुमार ने राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल, सिवानी (भिवानी) में 8 मार्च से 11 मार्च (चार दिवसीय) में भाग लिया। जिसमे उदय सिंह ने 35 से 37 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक प्राप्त करके विद्यालय, अध्यापकगण और अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन कमेटी के प्रधान श्री राम प्रकाश परुथी, प्रधानाचार्य श्री राजेश कंसल, प्रशासिका श्रीमती लवली चावला व खेल विभाग के अध्यापक श्रीमती उर्मिला मलिक, श्रीमान सोनू व अध्यापकों ने बड़ी ही गर्म जोशी से बच्चे का स्वागत किया व स्मृति चिह्न भेट करके छात्र को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्य श्री राजेश कंसल ने विद्यार्थियों को भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताओ में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशासिका श्रीमती लवली चावला ने कहा कि आगामी सत्र में भी विश्यर्थियो को हर तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए विद्यालय हमेशा अग्रसर रहेगा, जिससे विद्यार्थियों का पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास हो सके।

# हिसार के नाम बदलने के प्रस्ताव की मनोहर मोर्चा ने की निंदा

**प्रस्ताव को बताया सामाजिक भाईचारे के लिए हानिकारक**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** विगत मंगलवार मनोहर मोर्चा की बैठक जहाज पुल के पास एक निजी कार्यालय में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुभाष ढींगरा एवं जिला अध्यक्ष हेमंत आहूजा ने संयुक्त रूप से की। बैठक का विशेष एजेंडा 5 मई को मनोहर लाल के जन्मदिन के अवसर पर किए जाने वाले सामाजिक सेवा से जुड़े प्रकल्प पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान कुछ सदस्यों ने हिसार जिले के नाम परिवर्तन किए जाने के प्रस्ताव का मुद्दा उठाया। जिस पर सभी ने एक मत से इस प्रस्ताव की निंदा की और इस प्रस्ताव को सामाजिक भाइचारे के लिए हानिकारक करार दिया और सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का विरोध करने का निर्णय लिया गया। जिला सचिव अमित धवन ने आगामी किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की रूपरेखा रखी। बैठक में विशेष रूप से अशोक गांधी, हरीश चौधरी, उमेद खन्ना, संजय सेहरा, गुलशन कथूरिया, शाम लाल गर्ग, संजय गर्ग एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर सैनी सभा ट्रस्ट ने लड्डू बांटे



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** कुरुक्षेत्र के सांसद व भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर समस्त सैनी समाज में हर्ष की लहर है। सैनी सभा ट्रस्ट, मोहल्ला सेनियान ने नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तुरंत बाद सैनी सभा ट्रस्ट के कार्यालय में ट्रस्ट के प्रधान ओमप्रकाश राड़ा की अध्यक्षता में ढोल बजाते हुए लड्डू बांटे गए। समाज के अनेक लोगों ने नए मुख्यमंत्री को बधाई संदेश भेजे। इसके बाद सैनी समाज के गणमान्य लोग ढोल ढमाके के साथ नाचते हुए स्थानीय पुरानी सब्जी मंडी चौक पर पहुंचे तथा वहां हर आने-जाने वाले को लड्डू खिलाकर नायब सिंह सैनी के नए मुख्यमंत्री बनने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ओमप्रकाश सिसवालिया, बलवंत सिंह सैनी, फतेह सिंह सैनी, ओंकार सैनी, रघुवीर सैनी, सुरेंद्र सिंह सैनी, नरेंद्र सैनी, राजकुमार सैनी, सुशील सैनी खोवाल, ईश्वर सैनी, शमशेर सैनी, राजेश सैनी, अशोक सैनी, देवेंद्र सैनी, केहर सिंह सैनी, मनोज सैनी, रामनिवास सैनी, दयानंद सैनी, सीताराम सैनी, अमरनाथ सैनी, महेंद्र रायपुर, मास्टर राजेंद्र, ओम प्रकाश सहित समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।







**Name Change**

I, Upasna W/o Sh. Sanjay Arya R/o H. No. 24, Priti Nagar, Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Upasna to Upasna Arya for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Anju W/o Sh. Ajaykumar Munjall R/o H. No. 21, New Anaj Mandi, Hansi, Distt. Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Anju to Aanju Munjall for all future purpose.

- Deponent

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

**Name Change**

I, Anshu Rani W/o Ashish Goyal R/o H. No. 624-A, Ward No. 4, Mori Gate, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Anshu Goyal to Anshu Rani for all future purpose.

- Deponent

**बेदखली सूचना**

मैं, आजाद सिंह पुत्र श्री रामपाल, निवासी मकान नं. 57, नई भोला राम गार्डन, नजदीक रेलवे लाईन, गंगवा, तह. व जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र रमन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार

# प्रदेश की जनता अब भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं : योगेश सिहाग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** कांग्रेस जिला प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने भाजपा-जजपा के बीच गठबंधन टूटने और नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री बनाए जाने राजनीतिक ड्रामा और को जनता को भ्रमित करने का प्रयास बताया है। उन्होंने बयान में कहा कि करीब साढ़े चार साल की गठबंधन सरकार की नाकामयाबी ढ़कने के लिए गठबंधन तोड़ने का यह ड्रामा किया गया है। उन्होंने कहा कि एक योजना के तहत जजपा को अलग किया गया है ताकि विरोधी वोटों का बंटवारा किया जा सके। कांग्रेस जिला प्रवक्ता ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाकर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने भाजपा सरकार की विफलताएं छिपाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार प्रदेश की सबसे विफल सरकार रही है। पिछले साढ़े चार साल में सबसे अधिक बेरोजगारी, सबसे अधिक भ्रष्टाचार और सबसे अधिक अपराध हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा और जजपा की असलियत जान चुकी है और अब वो उसके झांसे में आने वाली नहीं है।




# प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने जाहिर की लाखों वैलिड वोट कटने की आशंका

## कहा-कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व तमाम वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चैक कर ले लिस्ट में नाम है या नहीं

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** कांग्रेस पार्टी की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस भवन में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने कहा कि प्रदेश में लाखों वोट कटे जाने की आशंका है। तमाम मतदाताओं, कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं से वोटर लिस्ट चैक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा में 3 से 4 हजार वोट काटे गए हैं। लोगों ने यह जानकारी दी है कि सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके वोटर लिस्ट के साथ छेड़छाड़ की गई और जानबूझकर कांग्रेस समर्थित लोगों की वोट काटी गई। कई जगह वोटरों के वार्ड भी बदल दिए गए हैं। अगर यह जानकारी पूर्णतया या आंशिक तौर पर भी सही है तो इसे जनता के लोकतंत्रिक अधिकार पर सीधा हमला माना जाएगा। बजरंग गर्ग ने सभी पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं को इस मामले में सक्रिय हस्तक्षेप के लिए कहा हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी, अपने परिवार और अपने-अपने क्षेत्रों की पूरी वोटर लिस्ट चेक करें। चुनाव आयोग के जिला कार्यालय से वोटर लिस्ट लेकर उसमें शहर, गांव व वार्ड के मतदाताओं के नामों का मिलान करें। अगर किसी का वोट काटा गया हो तो उसके संबंध में तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं और फिर से वोट जुड़वाने का काम करें। कांग्रेस के बूथ कार्यकर्ता अपने स्तर इसकी जिम्मेदारी लें ताकि किसी भी नागरिक से उसका वोट देने का संवैधानिक अधिकार ना छीन सके। देश में किसी भी वक्त आदर्श आचार संहिता का ऐलान हो सकता है। इसलिए यह कार्य उससे पहले जल्द से जल्द पूरा करवाएं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, पूर्व आईएएस चंद्र प्रकाश, वरिष्ठ नेता धर्मवीर गोयत, वरिष्ठ नेता छत्रपाल सोनी, प्रदेश प्रवक्ता कुलबीर सिंह सोहल, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट कमल शेरावत, महिला जिला अध्यक्ष ग्रामीण संतोष जून, महिला जिला अध्यक्ष शहरी स्नेहलता निंबल, युवा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सोरान, पूर्व चेयरमैन करण सिंह



रानोलिया, पूर्व चेयरमैन सुखबीर सिंह डूडी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप बेनीवाल, वरिष्ठ नेता अमर गुप्ता, ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, जिला पार्षद प्रतिनिधि मनोज टांक माही, महिला नेत्री कृष्णा दुग्गल, पूर्व पार्षद सूबे सिंह आर्य, एडवोकेट योगेश सिहाग, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा, अजय जाखड़ गगनखेडी, किसान नेता दलजीत पंघाल, जेपी ज्याणी आदि कांग्रेस प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# सोशल मीडिया पत्रकार को धमकी देने वाले को 24 घंटे में गिरफ्तार करने का आश्वासन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** सोशल मीडिया पत्रकार विपिन खुराना को जान से मारने की धमकी देने वाले को 24 घंटे में गिरफ्तार का आश्वासन पुलिस ने दिया है। आश्वासन के बाद विपिन खुराना के समर्थन में आए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने अपना धरना समाप्त किया। इसके अलावा विपिन खुराना को तुरंत सिक्योरिटी देने की मांग भी पुलिस ने मान ली है। यहां बता दें कि विपिन खुराना को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके बाद विपिन खुराना न थाने में इसकी शिकायत की।

# नौकरी के लिए परेशान युवक ने निगला जहर, मौत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 मार्च :** हिसार के हांसी में सरकारी नौकरी न मिलने से परेशान युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। इससे उसकी मौत हो गई। युवक काफी समय से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। कुछ दिन पहले आए ग्रुप-डी के रिजल्ट में भी उसका नाम नहीं आया। पुलिस के अनुसार गांव जीतपुरा निवासी मोनू यादव (26) ने गांव देपल के पास कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया था। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हांसी के अस्पताल में पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने उसके पिता धर्मवीर यादव को घटना की जानकारी दी। इस बीच इलाज के दौरान मोनू की मौत हो गई। मोनू के पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका बेटा मंगलवार को भिवानी जाने की बोल कर घर से निकला था। उन्होंने दोपहर को बेटे को फोन किया तो उसने एक घंटे बाद घर पहुंचने की बात कही। लेकिन, वह घर नहीं पहुंचा। इसके कुछ समय बाद पुलिस का फोन आया कि बेटे ने जहरीला पदार्थ निगल लिया है।

# विजय सैनी की पुत्री ईशा ने किया मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत



-पाठकपक्ष न्यूज- भाजपा नेता विजय सैनी जींद की पुत्री बेटी ईशा सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी साहब का घर पहुंचने पर पुष्प वर्षा और मिठाई खिला कर किया स्वागत।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।




D.A.V. Police Public School
New Police Line, Hisar
Affiliated to CBSE and Managed By DAV College Managing Committee, New Delhi

VACANCIES (Contract Basis)

1 PGT Maths, Geography
Qualification : Post graduation (Preferably Regular) in Concerned Subjects, B.ED (HTET/CTET desirable)

2 PRT Computer
Qualification : Graduation/ Post graduation (Preferably Regular) in Concerned Subjects, B.ED (HTET desirable)

- Fluency in Spoken English is Essential for all Teaching Posts.
- Application form is available on the school Website
Complete form in all Respect should be submitted on the school reception latest by 21 march 2024 between 9 am to 1:30 pm

School website link to download application :
https:/davppshisar.com/file/219/NoticeBoard_6ec 570 _97-22bc-4889-acb3-al cdcbee9a0c_Application%20Form.pdf

Contact No. 8222877162

Manager Principal

शोक बैठक



स्व. महावीर प्रसाद सर्राफ

बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय श्री महावीर प्रसाद सर्राफ, एडवोकेट का 10 मार्च 2024 को स्वर्गवास हो गया है।
बैठक का समय :- प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक (20 मार्च तक)
(रविवार 17 मार्च को बैठक प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक रहेगी)
निवास स्थान : म.नं. 518, भामाशाह नगर, हिसार

शोकाकुल परिवार

श्रीमती शारदा सर्राफ (धर्मपत्नी)
अरुण सर्राफ-रचना (पुत्र-पुत्रवधु)
प्रदीप सर्राफ-रेखा (पुत्र-पुत्रवधु)
संगीता बंसल-महेन्द्रपाल बंसल (पुत्री-दामाद)
अभिन्न-नितिका (दोहता-वधु) सुरभि (दोहती)
विशाल, मृदुल, देवांश, विक्रांत, हिमांग (पौत्र)
मनोज सर्राफ-मंजु (भतीजा-भतीजा वधु)
मीनू पंकज-आशा (भतीजा-भतीजा वधु)
अम्बिका-आकाश (सुपौत्री-दामाद)
दीक्षा-शिवम (सुपौत्री-दामाद)
रितिका (सुपौत्री) इलाही (पड़दोहती)

समस्त सर्राफ परिवार मो. 9812390000

REGISTRATION & ADMISSION OPEN

VIDYA BHARTI PUBLIC SCHOOL
(CBSE Affiliated) Gangwa, Rajgarh Road, Hisar

Contact: 9416000930, 8398855110, 112, 113, 114

ADMISSION Open For Nur. to XII Class (All Streams)

- 100% Board Result with 50% Board Merits.
- Well Equipped and Modern Physics, Chemistry, Biology, Composite Lab, Math Lab, Language Lab & Computer lab. Well Furnished Library, Art & Craft Room & Music Room.
- Well maintained indoor games for students: Gym, Chess, Table Tennis & Special coaches for Handball, Volleyball, Athletic, Karate, Skating, Badminton & Yoga.
- Montessori classrooms and teaching techniques, Poem Room, Kids Lab for Nursery classes, Lot of swings & slides, beautiful train for kids entertainment, affordable fee with lots of facilities.
- Digital Classrooms & Fully AC auditorium With CCTV Surveillance.
- Special Coding classes for students of classes 1st to 8th.
- Qualified and Motivated Teachers with Perfect Blend of knowledge.
- School Bus Facility available. Special Classes for English Speaking & Weak Students.

PROSPECTUS ARE AVAILABLE IN SCHOOL CAMPUS
Note: Admission fee will be exempted for Nursery to 2nd Class upto 31st March 2024

